C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:21 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:31 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 27 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 11 जुलाई 2024

कहानी गोपीनाथ की, खुलासा...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## संदिग्ध हालात में किशोर लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** शहर के हिल व्यू कालोनी से एक किशोरी लापता हो गई है। परिजनों ने उसकी ढूंढखोज भी लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लगाया। परिजनों क ओर से उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। किदवई नगर वार्ड 22 बनभूलपुरा निवासी बबीता देवी पत्नी अशोक ने वनभूलपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह हिल व्यू में रमन कुमार के यहां काम करती है। कुछ दिनों के लिए वह अपनी पुत्री के साथ हिल व्यू में रह रही थी। बीती 5 जुलाई की रात 9 बजे उसकी पुत्री विमला बिना बताए कहीं चली गई। उसकी हर जगह ढूंढ खोज भी की लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। महिला ने पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई है।

## सरेआम सट्टेबाजी करता सटोरिया गिरफ्तार



**हल्द्वानी।** वनभूलपुरा थाना पुलिस ने सट्टेबाजी करते एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। उसके पास से सट्टा पर्ची और नगदी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी क खिलाफ मुकदमा दर्ज दर्ज किया है। वनभूलपुरा थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को लाइन नंबर 12 मीट मार्केट के पास सट्टे की खाईबाड़ी करने की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सटोरिए को धर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम पप्पू पुत्र असगर खाँ निवासी इन्द्रानगर थाना बनभूलपुरा बताया। उसकी तलाश लेने पर उसके पास से 1010 रूपए की नगदी व सट्टा पर्ची बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैबलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

# पांच जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट, चारधाम यात्रियों को सतर्कता बरतने की सलाह

देहरादून
हमारे संवाददाता

आज देहरादून, नैनीताल, उधमसिंह नगर एवं चंपावत जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है। राज्य के पांच जिलों में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने के भी आसार हैं।

मौसम विभाग ने चारधाम जाने वाले यात्रियों एवं भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरते जाने की सलाह दी है। मौसम विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार बृहस्पतिवार को देहरादून, नैनीताल, उधमसिंह नगर एवं चंपावत जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है। इसके साथ ही गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने की भी आशंका है। कुमाऊं एवं गढ़वाल मंडल के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं देहरादून में आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश भी हो सकती है। बृहस्पतिवार को देहरादून में धूप छाई रहने से उमस रही। इस दौरान अधिकतम तापमान 35.2 एवं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि पंतनगर में अधिकतम तापमान 35.1, मक्तेश्वर में 25 और न्यू टिहरी में 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा।



### 79 मार्ग बंद हुए, 84 खोले गए

उत्तराखंड में लोक निर्माण विभाग के बुधवार को 79 मार्ग बंद हो गए। बीते मंगलवार भी 126 मार्ग बंद हो गए थे। लोक निर्माण विभाग का कहना है कि दोनों दिन में कुल 205 मार्ग बंद हुए, पर राहत की बात यह है कि बुधवार को 84 मार्ग खोल दिए गए हैं। बाकी 121 मार्गों में 5 राज्य मार्ग, 6 मुख्य जिला मार्ग, 4 अन्य जिला मार्ग और 106 ग्रामीण मार्ग हैं। सभी बंद रास्तों को खोलने के लिए राज्य राजमार्गों पर 5 मशीनें, मुख्य जिला मार्गों पर 6 मशीनें और अन्य जिला मार्गों पर 4 मशीनें व ग्रामीण मार्गों पर 87 मशीनें कार्य कर रही हैं।

आज बजट से पहले दिग्गजों की लेंगे राय

# मोदी आर्थिक सुधारों पर करेंगे चर्चा विकसित भारत के रोडमैप पर नजर

नई दिल्ली
एजेंसी

केंद्र की नरेंद्र मोदी मोदी सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आम बजट के जरिए सरकार की इच्छा विकसित भारत का रोडमैप तैयार करने की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ बैठक कर आम बजट के संदर्भ में उनकी राय जानेंगे। इस बैठक के दौरान मुख्य रूप से आम बजट के प्रावधानों के जरिए विकसित भारत का रोडमैप तैयार करने, निवेश हासिल करने के लिए आर्थिक सुधार की रफ्तार तेज करने और मध्य-निम्न मध्यवर्ग को राहत देने के उपायों पर बातचीत होगी। वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक बैठक में नीति अयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और अन्य सदस्य, वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शिरकत करेंगे। गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला आम बजट पेश करेंगी।



इस बार आम बजट में उद्योग के साथ मध्य और निम्न मध्यवर्ग को बड़ी राहत मिलने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल, सरकार की योजना अधिक से अधिक निवेश हासिल करने के लिए आर्थिक सुधारों की रफ्तार तेज करने की है। बीते सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा था कि सरकार तीसरे कार्यकाल में सुधारों को तेज गति देगी।

सरकार की रणनीति अधिक निवेश हासिल कर विकास दर बढ़ाने और रोजगार के अवसर बढ़ाने की है। बैठक में पीएम विशेषज्ञों से यह जानना चाहेंगे कि किस क्षेत्र में किस स्तर पर सुधार की आवश्यकता है।

# सड़क खोलने में जुटे मजदूरों पर गिरे बोल्डर

देहरादून
हमारे संवाददाता

बदरीनाथ हाईवे खोलने में जुटे मजदूरों के ऊपर अचानक भरभराकर बोल्डर गिरने लगे। तेजी से मजदूर अपनी जान बचाने के लिए भागे। गनीमत रही कि सभी मजदूर सुरक्षित है। जरा सी देरी मजदूरों की जिंदगी पर भारी पड़ सकती थी।

जोशीमठ के समीप बंद बदरीनाथ हाईवे पर फिर से मलबा आने से पैदल आवाजाही भी मुश्किल हो गई है। हाईवे बंद हुए आज तीसरा दिन है। मौके पर ड्रिलिंग मशीन के ऊपर भी भारी बोल्डर गिर गया। दूसरे दिन भी बदरीनाथ हाईवे नहीं खुलने से यात्रियों ने वाहनों में रात गुजारी। आज तीसरे दिन भी हाईवे की स्थिति नहीं सुधरी। बीआरओ बोल्डरों को हटाने में जुटा है। करीब 3000 तीर्थयात्री यहां फंसे हैं। जोशीमठ चुंगीधार के पास चट्टान टूटने से मलबा-बोल्डर आने से बंद हुआ बदरीनाथ हाईवे नहीं खुल पाया। कल बुधवार को दूसरे दिन हाईवे बंद होने से जोशीमठ और पीपलकोटी की ओर करीब 3000 तीर्थयात्री फंसे रहे। प्रशासन की ओर से तीर्थयात्रियों को 3500 से अधिक खाद्यान्न पैकेट वितरित किए गए। हाईवे खुलता न देख कई तीर्थयात्री आसपास के होटलों में चले गए जबकि कई तीर्थयात्रियों ने वाहनों में ही रात बिताई। वहीं बीआरओ की टीम हाईवे खोलने में जुटी है। आज बृहस्पतिवार सुबह तक वाहनों की आवाजाही सुचारु होने की उम्मीद थी, लेकिन अभी तक कोई आसार नजर नहीं आ रहा है। ऑल वेदर परियोजना के तहत बदरीनाथ हाईवे पर हेलंग से मारवाड़ी तक चौड़ीकरण कार्य गतिमान है। कई जगहों पर हाल ही में बीआरओ की ओर से हिल कटिंग की गई है। बीते दिनों हुई बारिश से चट्टानें कमजोर पड़ गई हैं। मंगलवार को सुबह करीब सात बजे चुंगीधार के पास पहाड़ी से बड़ी मात्रा में बोल्डर और मलबा हाईवे पर आ गए जिससे यहां वाहनों की आवाजाही थम गई।



# मध्यप्रदेश में अमरकंटक एक्सप्रेस में लगी आग, लपटों से घिरे सरपट दौड़े ट्रेन के एसी कोच

भोपाल
एजेंसी

अमरकंटक एक्सप्रेस के पहियों में घर्षण के कारण धुंआ निकलने लगा। घटना मिसरोद और मंडीदीप के बीच की बताई जा रही है। मिसरोद स्टेशन के आगे जब गाड़ी बढ़ी तो गार्ड ने पहियों से धुंआ निकलते देखा।

राजधानी भोपाल से बड़ी खबर सामने आई है। अमरकंटक एक्सप्रेस में आग लग गई। आग एसी कोच के निचले हिस्से में लगी। यह हादसा मिसरोद और मंडीदीप स्टेशन के बीच हुआ। हादसे के बाद यात्री दहशत में आ गए। बताया जाता है, यह आग बी-तीन और बी-चार एसी कोच के नीचे लगी थी। उसके बाद फायर इस्टिंग्यूशर से इसे बुझाया गया। आग की घटना के बाद रेलवे ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

बता दें कि ट्रेन में सवार यात्रियों में से किसी एक ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया अकाउंट में अपलोड कर दिया। अमरकंटक एक्सप्रेस छत्तीसगढ़ के दुर्ग और मध्यप्रदेश के भोपाल के बीच चलती है। इसके दुर्ग और भोपाल के अलावा 27 अन्य हॉल्ट हैं।

इससे पहले 27 जून को मध्यप्रदेश के शहडोल में भी रेल हादसा हुआ था। यहां स्टेशन से लगे यार्ड में मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतर गए थे। कुछ कोच बगल में खड़ी एक दूसरी मालगाड़ी से भी टकरा गए थे।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत का पाकिस्तान जाना मुश्किल

नई दिल्ली
एजेंसी

पीसीबी ने इस टूर्नामेंट के लिए तैयारियों शुरू कर दी है, जबकि आईसीसी ने इसके लिए विंडो तलाशना भी शुरू कर दिया है। पीसीबी ने कराची, लाहौर और रावलपिंडी में अपने स्टेडियमों की मरम्मत के लिए लगभग 17 अरब रुपए आवंटित किए हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पाकिस्तान में होना है और इसके लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। इस बात पर सभी की नजरें है कि भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए पड़ोसी देश की यात्रा करेगी या नहीं? भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आधिकारिक रूप से इस बारे में कुछ भी नहीं कहा है, लेकिन बताया जा रहा है कि टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारतीय टीम के अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने की संभावना बेहद कम है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई आईसीसी से मुकाबले दुबई या श्रीलंका में कराने के लिए कह सकता है। मालूम हो कि इससे पहले, पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाईब्रिड मॉडल के तहत हुआ था जिसमे भारत के सभी मैच श्रीलंका में कराए गए थे।



बीसीसीआई सूत्र ने कहा, इस बात की संभावना कम है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेगी, लेकिन इस पर अंतिम निर्णय सरकार लेगी। ऐसे में हाईब्रिड मॉडल पर काम किया जाएगा। एशिया कप की तरह ही भारत अपने मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) या श्रीलंका में खेल सकता है। हालांकि, आईसीसी इस बारे में फैसले लेगी, लेकिन फिलहाल हम इस बारे में ही सोच रहे हैं। देखते हैं कि भविष्य में चीजें किस तरह से आगे बढ़ती है। फिलहाल लग रहा है कि यह हाईब्रिड मॉडल के आधार पर ही खेला जाएगा।

पाकिस्तान ने शुरू कर दी है तैयारी

पीसीबी ने इस टूर्नामेंट के लिए तैयारियों शुरू कर दी है, जबकि आईसीसी ने इसके लिए विंडो तलाशना भी शुरू कर दिया है। पीसीबी ने कराची, लाहौर और रावलपिंडी में अपने स्टेडियमों की मरम्मत के लिए लगभग 17 अरब रुपए आवंटित किए हैं। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बोर्ड के सदस्यों को बताया था कि चैंपियंस ट्रॉफी पूरी तरह से पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी और इस महीने के अंत में कोलंबो में होने वाली आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक में इस पर आगे चर्चा की जाएगी।

# पुलिस ने तीन शातिर चोर दबोचे, सोना व नगदी बरामद

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कुमाऊं के विभिन्न क्षेत्रों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोरों को ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गिरफ्तार कर नगदी और जेवरात बरामद किया है। चोरों ने ट्रांजिट कैंप और बिगवाड़ा क्षेत्र में मकानों को निशाना बनाया था।

आईपीएस अधिकारी सहायक पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने खुलासा करते हुए बताया कि ट्रांजिट कैंप पुलिस ने आरोपितों पर केस दर्ज कर छानबीन करते हुए और सीसीटीवी फुटेज की मदद से धातुओं की डील करते हुए व्यापारी संग तीनों को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि विजयलक्ष्मी एंक्लेव थाना ट्रांजिट कैंप निवासी अमित छाबड़ा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 29-30 जून की रात उनके घर से ताला तोड़कर दो तोले की सोने की चेन, एक तोला सोने की अंगूठी, नकद 50 हजार रुपये व डीवीआर अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर पड़ताल में जुट गई। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम बनाई।



बताया कि गंगापुर रोड, तीन पानी डैम सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में करीब 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर तीन व्यक्ति संदिग्ध दिखे थे। जिनकी पहचान मानपुर पश्चिम, देवलचौड़ हल्द्वानी निवासी सुभाष दिवाकर पुत्र अशोक दिवाकर, कृष्णा फार्म हाउस देवलचौड़ हल्द्वानी निवासी संदीप कुमार पुत्र नंदकिशोर और जीतपुर नेगी, हल्द्वानी निवासी उज्वल सिंह परगाई पुत्र नंदन सिंह परगाई के रुप में हुई।

मोदी मैदान में डील करते हुए दबोच लिया। तीनों आरोपितों के साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले सराफा व्यापारी गांधी ज्वैलर्स मोहम्मद अजीम पुत्र मोहम्मद इजराइल निवासी वार्ड नंबर छह, कालाढूंगी, जिला नैनीताल को गिरफ्तार किया। सीओ ने बताया कि इनके आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। अन्य जनपदों में भी कई मामले हो सकते हैं। टीम में इंस्पेक्टर भारत सिंह, एसआई ललित,एसआई अरविंद बहुगुणा, एसआई विकास रावत,

### नगद चोरी हुए 51 हजार, मिले सिर्फ 2100

पुलिस ने सभी आरोपितों की तलाशी ली। जिसमें सुभाष दिवाकर से एक पीली धातु की चैन, 1000 रूपये, संदीप कुमार से एक स्मार्ट वॉच, 500 रूपये, उज्वल से बैग में एक ब्यूटेन वेल्डिंग केन, बर्नर, प्लास्टिक का गैस लाइटर, 600 रूपये बरामद हुआ। वहीं सराफा व्यापारी अजीम की तलाशी में एक पीली धातु की गिन्नी बरामद हुई। इसके अलावा बाईक हीरो स्प्लेंडर प्लस यूके 04 एई 5627 बरामद हुई।

जितेंद्र कुमार, दिनेश चंद्र, अनिल कुमार, भूपेंद्र जीना,एसओजी से भूपेंद्र आर्य आदि मौजूद थे। इन तीनों आरोपितों पर हल्द्वानी, कालाढूंगी, लालकुंआ, मुखानी, रुद्रपुर, ट्रांजिट कैंप में कई मामले दर्ज हैं। इसमें चोरी की घटनाएं हैं। यही नहीं ये आरोपित जेल भी जा चुके हैं।

## बारिश थमने के बाद भी मोटर मार्गों भूस्खलन जारी

**नैनीताल** । भले ही दो दिनों से लगातार बारिश का क्रम थम गया है लेकिन बारिश थमने के बाद भी मोटर मार्गों में मलबा आने व भूस्खलन होने का दौर यथावत जारी है। यह हम नहीं बल्कि नैनीताल जिला मुख्यालय स्थित जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिले आंकड़े खुद बयां करने के लिए काफी हैं। केंद्र में बुधवार की शाम 4 बजे तक 23 मोटर मार्गो के बंद होने की सूचना मिली है जिसमें से अकेले 20 मोटर मार्ग ग्रामीण हैं। बता दें जो मोटर मार्ग बंद पड़े हुए हैं उनमें क्रमश: हल्द्वानी-कालाढूंगी-रामनगर मोटर मार्ग, बजून-अक्सू, बिनकोट-चंद्रकोट, पदमपुरी-पोखरी,ढोलीगांव-कैड़ागांव, देवली-महतोली, वलना-ज्योसूड़ा,हरीशताल मार्ग, खनस्यू-रिखाकोट, देवीपुरा-सौड (बधानी), मंगोली-खमारी-थापला, तल्ला रामगढ़- झुतिया कांडा, तल्लाकोट-सीम, कूल-विरखन- सूड़, सिमलखां-सकदीना, बिडारी- पोखराधार, खूपा-जमरानी, छुतिया-कांडा, चमडिया-छियोडी मार्ग, ईलाइजर-चमोली, सुनकोट-कचलाकोट, डौबा-गौनियारों तथा पतलोट-छीड़ाखान-अमजड मोटर मार्ग शामिल हैं।



## कुलपति प्रो. रावत ने छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी में कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने बुधवार को विश्वविद्यालय के तीन प्रमुख छात्रावासों क्रमश: गौरादेवी, कलावती पंत और रानी लक्ष्मीबाई का औचक निरीक्षण किया।

बता दें कुलपति प्रो.रावत के इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रावासों की स्थिति का जायजा लेना और उनकी समस्याओं का समाधान करना था। निरीक्षण के दौरान प्रो. रावत ने मंडी परिषद को निर्देश दिए कि गौरादेवी छात्रावास का कार्य अगले पांच दिनों में पूरा किया जाए ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने ठंडी सडक् पर हुए भूस्खलन के कार्य का भी निरीक्षण किया और मंडी परिषद को इस कार्य में तेजी लाने तथा इसे समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान प्रो. रावत के साथ डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, कार्यवाहक डीएसडब्ल्यू प्रो. ललित तिवारी, मुख्य कुलानुशासक प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट, इंजीनियर संजय पंत, मंडी परिषद से मुदित जोशी, ठेकेदार तथा सुपरवाइजर के साथ ही नंदा बल्लभ पालीवाल भी उपस्थित रहे।

## 55 लोगों को मिलेगा स्वरोजगार के लिए ऋण

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना एवं दीन दयाल उपाध्याय अतिथि गृह आवास योजना के आवेदकों का कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय चयन समिति ने साक्षात्कार लिया। डीएम विनीत तोमर ने 55 आवेदकों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए ऋण देने की अनुमति प्रदान की। साक्षात्कार में डीएम ने जिला पर्यटन अधिकारी को स्वीकृत आवेदनकर्ताओं के सभी दस्तावेजों की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस कार्य के लिए ऋण स्वीकृत होगा वही काम शुरू करना होगा। कहा इस योजना से स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ाने में मदद मिलेगी। जिला पर्यटन अधिकारी अमित लोहनी ने बताया कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में जिले में वाहन मद में मिले 15 आवेदनों को स्वीकृति मिली है। गैर वाहन मद में आवेदन स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास योजना के तहत 20 आवेदन स्वीकृत हुए हैं। बैठक में सीडीओ आकांक्षा कोंडे, आरटीओ डॉ. गुरदेव सिंह समेत अन्य अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### सीआरएसटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन की बैठक



**नैनीताल।** नगर में सीआरएसटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन की आम सभा की बैठक बीते रोज बुधवार को सीआरएसटी इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित हुई। इस आम सभा में सर्वसम्मति से कैप्टन ललित मोहन साह को संरक्षक जबकि जगदीश चंद्र बवाड़ी को अध्यक्ष,खीमराज सिंह बिष्ट को उपाध्यक्ष तथा डा. मनोज सिंह बिष्ट ऊर्फ गुड्डु को महासचिव जबकि शैलेन्द्र बर्गली को उप सचिव तथा धर्मेंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में तय किया गया कि नैनीताल बैंक लिमिटेड प्रायोजित स्वर्गीय एच. एन. पांडेय मेमोरियल इंडिपेंडेंस कप टूर्नामेंट 1 अगस्त (गुरुवार) से डीएसए मैदान में खेला जाएगा। बताया गया कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को वर्ष 1947 से खेला जाता है तथा यह संस्था शहर की सबसे पुरानी क्रीड़ा संस्थाओं में एक रही है । सीआरएसटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन की आम सभा में विभिन्न मुद्दों पर विस्तर से चर्चा भी हुई । सभा में जगदीश लोहनी, प्रो. ललित तिवारी,विनोद साह, आनंद सिंह बिष्ट, भूपाल सिंह नयाल,मोहित लाल साह, शैलेंद्र चौधरी तथा राजेश कुमार समेत एसोसिएशन से जुड़े सदस्य मौजूद थे।

### अवैध निर्माण पर जिला विकास प्राधिकरण ने की कार्रवाई

**नैनीताल।** नगर में धड़ल्ले से हो रहे अवैध निर्माण को लेकर एक बार फिर से जिला विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई करनी शुरु कर दी है। बता दें कि बुधवार को सूचना के बाद मॉल रोड स्थित शालीमार होटल के समीप बायोटेक काम्प्लेक्स में नरगिस द्वारा छत में किए जा रहे अवैध निर्माण को प्राधिकरण ने ध्वस्त किया गया। इस दौरान जेई प्रियंका कुंजवाल समेत खुशाल सिंह अधिकारी, पूरन तिवारी तथा महेश जोशी व पीआरडी आदि मौजूद रहे।

### नाव चालकों के बीच सवारी बैठाने को लेकर विवाद

**नैनीताल।** मल्लीताल क्षेत्र में बुधवार को दो नाव चालकों के बीच सवारी बैठाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद में एक नाव चालक बुरी तरह घायल हो गया। चोटिल ने कोतवाली पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक मल्लीताल सात नम्बर निवासी भूपाल सिंह ने कहा कि वह दोपहर मल्लीताल बोट स्टैंड के समीप वह पर्यटकों से बात कर नाव में बैठाने बोट की ओर ले गया। इस दौरान अन्य नाव चालक भी वहां आ गए। पर्यटक उसके साथ बोट में बैठने आये तो अन्य नाव चालकों ने उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट में वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले कि जांच की जा रही है।

### नैनी झील का जलस्तर भी हर रोज बढ़ रहा

**नैनीताल।** बारिश होने के बाद प्राकृतिक जलस्त्रोतों के रिचार्ज होने के बाद जीवनदायिनी नैनी झील का जलस्तर भी हर रोज बढ़ता ही जा रहा है। झील नियंत्रण कक्ष के प्रभारी रमेश सिंह गैड़ा की मानें तो बुधवार की सुबह जहां झील का जलस्तर 8 फीट था वहीं शाम को पांच बजे बढ़कर यह 8 फीट 2 इंच पहुंच गया है। 1 जनवरी से लेकर आज तक कुल 929 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है।

### हल्की बारिश में कोहरे से घिरा नैनीताल

**नैनीताल** । नगर में बुधवार को दिनभर मौसम का मिजाज बदलता रहा। दोपहर पूर्व तथा बाद में कुछ देर के लिए हल्की बारिश जरुर हुई वहीं पहाड़ियों से कोहरा उठने का क्रम जारी रहा। अधिकांश वक्त आसमान बादलों से ही घिरा रहा। जीआईसी स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी अमित कुमार सिंह के मुताबिक केंद्र में शाम को साढ़े पांच बजे तक 4 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गयी है।

## राष्ट्रीय केडेट कोर की शारिरिक व लिखित परीक्षा के आधार पर भर्ती

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

78 वाहिनी हल्द्वानी से सम्बद्ध राष्ट्रीय केडेट कोर की सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित यूनिट के 26 वरिष्ठ केडेट्स की शारिरिक व लिखित परीक्षा के आधार पर भर्ती की गयी।

इस दौरान 78 वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल कुंदन शर्मा सेना मैडल तथा प्रशासनिक अधिकारी ले कर्नल अभिलाषा जोशी ने भर्ती प्रक्रिया के दौरान स्कूल पहुच कर औचक निरीक्षण किया तथा भर्ती में सम्मिलित होने आए छात्रों को संबोधित करते हुए प्रोत्साहित किया तथा बताया कि एन सी सी के माध्यम से स्वयं के चरित्र का विकास व देश सेवा करने का सबसे महत्वपूर्ण रास्ता छात्रों को उपलब्ध कराया गया है उन्होंने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की, विद्यालय के प्रधानाचार्य



डॉ.प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए एन सी सी के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने की जानकारी दी। इस दौरान अकेडमिक कॉर्डिनेटर बी बी जोशी, इन सी सी अधिकारी ले नंद किशोर, सूबेदार मेजर एम एस राव, सूबेदार मोहन सिंह, हवलदार देवेंद्र सिंह समेत तमाम शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## आपदा और भ्रष्टाचार

*प्राकृतिक आपदा में सरकारी मशीनरी का दिल नहीं पसीजता है। भ्रष्टाचारियों में मानवीय संवेदना लेशमात्र भी नहीं है। जीरो टालरेंस की रट लगाने वाली सरकार ने आपदा प्रबंधन में करोड़ों रुपये का घपला होने का मामला सामने आने पर आरोपियों से जवाब तलब करके कर्तव्य की इतिश्री की है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने जांच में खुलासा किया है तो जवाब तलब की क्या जरूरत है? सीधे तौर पर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। जरूरत पड़े तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर सख्त से सख्त सजा के लिए प्रयास किया जाना चाहिए।*

पर्वतीय राज्य होने से उत्तराखंड में आपदा की आशंका हमेशा रहती है। जून 2013 में श्रीकेदारनाथ की आपदा ने पूरे देश को झकझोर दिया था, उसके बाद उत्तराखंड में आपदा प्रबंधन के लिए पूरे राज्य में कदम उठाये गये। जांच में खुलासा हुआ है कि आपदा प्रबंधन एवं न्यूनीकरण केन्द्र में 10 करोड़ रुपये से अधिक का हिसाब-किताब नहीं मिल रहा है। केन्द्र के कार्मिक बिना विधिवत मंजूरी के लाखों रुपये का लाभ लेने में लिप्त हैं। आपदा प्रबंधन केन्द्र को परियोजना के तहत मिले छह करोड़ रुपये से अधिक खर्च का कोई रिकार्ड नहीं है। श्रीकेदारनाथ आपदा के दौरान राहत एवं खोज-बचाव, निरीक्षण आदि कार्य से जुड़े अधिकारी, विशेषज्ञ और कर्मचारियों के होटल, गेस्ट हाउस के खर्च का हिसाब उपलब्ध नहीं है। श्रीकेदारनाथ की आपदा को केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय आपदा घोषित कर बचाव और राहत के लिए हरसंभव प्रयास किये थे। श्रीकेदारनाथ में पिछले 11 साल से पुनर्निर्माण का कार्य किया जा रहा है। मानसून के दौरान उत्तराखंड के किसी भी क्षेत्र में आपदा से इन्कार नहीं किया जा सकता है। पूरे राज्य में तहसील स्तर पर आपदा प्रबंधन के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी जाती है। पिछले साल जोशीमठ और नैनीताल में भूधंसाव से गंभीर संकट उत्पन्न हो गया था। इस साल भूस्खलन से दो सौ से अधिक सड़कों पर यातायात बाधित हो गया। सैकड़ों गांवों का सम्पर्क टूट गया। टनल में दर्जनों लोग फंस गये थे। विदेश से बचाव दल और मशीनें मंगाई गईं। कई दिनों तक चले बचाव अभियान के बाद सभी को सुरक्षित निकाला जा सका। केन्द्र और राज्य में किसी भी पार्टी की सरकार आपदा प्रबंधन के लिए धन उपलब्ध कराने में संकोच नहीं करती है। खुलेहाथ से धन दिया जाता है, लेकिन सरकारी मशीनरी कहे जाने वाले अधिकारी व कर्मचारी भ्रष्टाचार का कोई मौका चूकना नहीं चाहते हैं। प्राकृतिक आपदा में सरकारी मशीनरी का दिल नहीं पसीजता है। भ्रष्टाचारियों में मानवीय संवेदना लेशमात्र भी नहीं है। जीरो टालरेंस की रट लगाने वाली सरकार ने आपदा प्रबंधन में करोड़ों रुपये का घपला होने का मामला सामने आने पर आरोपियों से जवाब तलब करके कर्तव्य की इतिश्री की है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने जांच में खुलासा किया है तो जवाब तलब की क्या जरूरत है? सीधे तौर पर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। जरूरत पड़े तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर सख्त से सख्त सजा के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। श्रीकेदारनाथ की आपदा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुनर्निर्माण को प्राथमिकता दी थी। प्रधानमंत्री मोदी और न्यायपालिका से उम्मीद है कि स्वतः संज्ञान के आधार पर दोषियों को सजा मिलेगी।

# सांसद भट्ट ने फिर किया जलभराव क्षेत्र का निरीक्षण

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री को नैनीताल ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने फिर सितारगंज, नानकमत्ता और किच्छा विधानसभा में जल भराव व नुकसान वाले स्थानो का स्थलीय निरीक्षण किया और इस आपदा में अपनों को खो चुके परिवारजनों से भी मुलाकात की, साथ ही राहत कैंप में भी आपदा पीड़ितों के साथ उनका दर्द बांटा।

भट्ट का दो दिन से खटीमा सितारगंज, नानकमत्ता सहित किच्छा अन्य इलाकों में आपदा प्रभावित लोगों से मिलने का सिलसिला जारी है। बुधवार को भट्ट सितारगंज विधानसभा के निर्मल ग्राम नंबर एक पहुंचे जहां 44 वर्षीय जगदीश मंडल की विगत दिवस नदी में डूबने से हुई दुखद मृत्यु पर उनके आवास में पहुंचकर परिजन ऑन के साथ दुख साझा किया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके पश्चात भट्ट पानी में डूब कर लापता हुए 34 वर्षीय संजीत मंडल के आवास में पहुंचकर उनके परिवार से मुलाकात की। और उनका दुख साझा किया साथ ही स्थानीय लोगों द्वारा सुखी नदी के किनारे सीसी ब्लॉक बनाए जाने की मांग की जिस पर तत्काल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



**मुलाकात**

- प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद का दिया भरोसा

इस दौरान भट्ट प्रशासन द्वारा बनाए गए राहत कैंप में पहुंचे जहां अरविंद नगर से शिफ्ट किए गए दर्जनों परिवारों से मुलाकात की। पूरी तरह उनकी मदद में जुटी हुई है। भट्ट किच्छा विधानसभा की शांतिपुरी क्षेत्र में पहुंचे जहां विगत दिवस गोला नदी में बही 14 वर्षीय बालिका अनुष्का के परिवारजनों से मिले। और बालिका की खोजबीन के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बताया कि एसडीआरएफ की टीम बालिका की तलाश में गोला नदी में सर्च अभियान चला रही है। भट्ट ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## जल संस्थान संविदा कर्मियों ने वेतन भुगतान की मांग उठाई

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंप जल संस्थान में कार्यरत आउटसोर्स श्रमिकों के वेतन, महंगाई भत्ते में वृद्धि किये जाने की मांग की है।

उनका कहना था कि आउटसोर्स कर्मियों को जून का वेतन व वर्ष 2023 से महंगाई भत्ते का भुगतान नहीं किया गया है और न ही शासन ने एक अप्रैल 2024 से बड़े हुए वेतन का भुगतान किया है। संघ के सचिव पवन कुमार ने बताया कि बीती 28 जून को देहरादून मुख्यालय में संगठन से वार्ता हुई थी, इसके बाद मुख्यालय की ओर से मानक के अनुसार वेतन आदि दिए जाने के आदेश जारी किये गये थे लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने चेताया कि यदि जून माह का बढ़ा हुआ वेतन, महंगाई भत्ते का भुगतान 13 जुलाई तक न किया गया तो संघ अगली कार्यवाही को बाध्य होगा।

# नवंबर तक प्रदेश अध्यक्ष और दिसंबर में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा चयनः आदित्य कोठारी

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

लोकसभा चुनाव के उपरांत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की पहली विस्तृत बैठक आयोजित होने जा रही है । भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर समेत प्रदेश प्रभारी, मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में होने वाली इस बैठक में प्रदेश से लेकर मंडल स्तर के तकरीबन 1350 पदाधिकारी भी शामिल होंगे ।



जिसमे अन्य विषयों के साथ जुलाई माह अंत से आरंभ होने वाली सांगठनिक चुनाव प्रक्रिया को लेकर भी चर्चा की जाएगी।पार्टी मुख्यालय में प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने इस विस्तृत कार्यसमिति की जानकारी साझा करते हुए बताया कि 15 जुलाई को होने वाली यह बैठक राजधानी के ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित की गई है। जिसमे सभी प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश पदाधिकारी, एवं मंडल अध्यक्ष महामंत्री समेत लगभग 1300 पदाधिकारी शामिल होंगे। इस एक दिवसीय बैठक के दौरान केंद्रीय ऊर्जा आवास एवं शहरी मामलों के कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, सह प्रभारी रेखा वर्मा, मुख्यमंत्री श्रपुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री संगठन श्रअजेय कुमार का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने बैठक के विषयों की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों को लेकर पार्टी नेतृत्व द्वारा तय रूपरेखा को सभी प्रतिभागी पदाधिकारियों से साझा किया जाएगा। जिसके तहत कार्यक्रमों के क्रियानवहन को लेकर विस्तृत जानकारी देने के साथ पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने पर भी चर्चा की जाएगी।

उन्होंने बताया जुलाई माह के अंत से संगठन के अंदरूनी चुनाव की प्रक्रिया सदस्यता अभियान के साथ प्रारंभ हो जाएगी । जिसके उपरांत सर्वप्रथम बूथ समितियों का गठन किया जाएगा, फिर मंडल अध्यक्ष एवम जिला अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराया जायेगा । नवंबर माह तक प्रदेश अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद दिसंबर में भाजपा को अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने वाला है। इस पूरी विस्तृत लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर विस्तार से सभी प्रतिभागियों को जानकारी दी जाएगी, जिन्हे नीचे तक पहुंचकर चुनाव प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं निकाय और पंचायत चुनाव की रणनीति पर भी विचार विमर्श के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा ।

# फिल्मी दुनिया

## कहानी गोपीनाथ की, खुलासा कांग्रेस की लालफीताशाही का




*तमिल में 'सूराराई पोट्रू', हिंदी में 'सरफिरा' यानी कोई ऐसा इंसान जो देश, काल और परिस्थितियों के विपरीत जाकर कुछ ऐसा कर जाए कि लोग कभी उसकी मानसिक स्थिति पर संदेह कर बैठे हों। देश में कम बजट वाली पहली एयरलाइन एयर डेक्कन स्थापित करने वाले भारतीय सेना के पूर्व कैप्टन गोपीनाथ की जिद पर बनी तमिल फिल्म 'सूराराई पोट्रू' की हिंदी रीमेक 'सरफिरा' में शीर्षक भूमिका निभा रहे अक्षय कुमार को इससे काफी उम्मीदें हैं। असल जिंदगी में कैप्टन गोपीनाथ सरकारी सैनिक स्कूल में पढ़े, एनडीए की परीक्षा पास कर देहरादून की इंडियन मिलिट्री अकादमी में पढ़े और भारत-बांग्लादेश की लड़ाई के समय भारतीय फौज में रहे। नौकरी छोड़ने के बाद उन्होंने दुनिया भर के काम किए और अंत में आकर वियतनाम युद्ध के बाद वहां एक युवती के कम पैसों वाली हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की कहानी से प्रेरित होकर एयर डेक्कन शुरू करने में कामयाब रहे। ये एयरलाइंस अब बंद हो चुकी है। फिल्म बताती है कि कैप्टन गोपीनाथ भारत सरकार की कम बजट वाली हवाई यात्राओं की योजना उड़ान का अहम हिस्सा हैं। तमिल अभिनेता सूर्या को अपनी चार साल पहले रिलीज फिल्म 'सूराराई पोट्रू' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। कुछ अन्य श्रेणियों में भी फिल्म ने राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते जिनमें फिल्म के लेखन से जुड़ा पुरस्कार भी शामिल है। सूर्या की ही फिल्मों पर हिंदी में 'गजनी', 'सिंघम' और 'फोर्स' जैसी चर्चित फिल्में बन चुकी हैं। तीनों फिल्मों को लोगों ने काफी पसंद किया। अब बारी 'सरफिरा' की है। इसके हीरो अक्षय कुमार हैं जो 56 साल की उम्र में फोटोशॉप किए चेहरे से एक ऐसे युवा का किरदार करने की कोशिश कर रहे हैं जो अपने पिता की अंतिम यात्रा में इसलिए शामिल नहीं हो पाता है क्योंकि उसके पास हवाई यात्रा के लिए पैसे नहीं है।*

### डोलती कमजोर कहानी

*फिल्म 'सरफिरा' की कहानी को चूंकि महाराष्ट्र की पृष्ठभूमि में रख गया है तो अक्षय कुमार, उनके दोस्त और उनकी पत्नी बनी राधिका मदान सब मराठी मिश्रित हिंदी बोलते हैं। मराठी बोलने का जो खास काव्यात्मक लहजा है, उसे वे आपस में बातें करते समय खूब याद रखते हैं लेकिन आसपास के लोग बदलते ही उनको बोली बदल जाती है। फिल्म की मराठी बार बार बाबूराव की याद दिलाती है और फिल्म 'हेराफेरी' में बाबूराव बने परेश रावल यहां वीर म्हात्रे की हर योजना को धरातल पर उतरने से पहले ही नाकाम करते रहने की कोशिश करने वाले बड़े कारोबारी परेश गोस्वामी बने हैं।*

# भाविप के स्थापना दिवस पर पौधरोपण

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस एवम राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम रामजी विहार सोसाइटी में किया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में नासपाती, आड़ू, तेजपत्ता तथा गुलमोहर के पौधों को सोसाइटी के विभिन्न स्थानों पर लगाया गया तथा सोसाइटी की कार्यकारिणी को इनके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने बताया कि दिनांक 26 जून से 10 जुलाई तक पूरे भारत में परिषद, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सेवा पखवाड़े का आयोजन कर रही है जिसमे रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, गरीब परिवारों को रोजगार हेतु सिलाई मशीन का वितरण आदि कार्यक्रम किए गए हैं।

शाखा सचिव डा अभिषेक मित्तल ने बताया की शाखा द्वारा करीब 60 गरीब बच्चों को कॉपी और पेन का वितरण भी किया गया।

इस मौके पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय महिला संयोजिका गीतू केसरवानी, एकता अग्रवाल, डॉ अतुल राजपाल, मीनू गुप्ता, मनोहर केसरवानी शिखा अग्रवाल, विवेक कश्यप, पंकज अग्रवाल तथा सोसाइटी के सचिव हरीश जोशी, ललित मोहन मिश्र आलोक श्रीवास्तव आदि सदस्य उपस्थित थे।



News कॉर्नर

### पांच जांबाज जवानों की शहादत पर एक शोक सभा

नैनीताल। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सभागार में बुधवार को जम्मू कश्मीर के कठुआ क्षेत्र में सेना के काफि ले पर हुए आतंकवादी हमले में देवभूमि उत्तराखण्ड के 22वीं गढ़वाल राइफल्स के पांच जांबाज जवानों की शहादत पर एक शोक सभा की गयी जिसमें दिवंगतों की आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी।

शोक सभा में डी0सी0एस0रावत अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, सौरव अधिकारी महासचिव, विकास गुगलानी उपाध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, शीतल सेलवाल महिला उपाध्यक्ष,एम.सी. पंत, सैय्यद नदीम खुर्शीद, राजेश शर्मा, दीपा आर्या, मनी कुमार, हर्ष तनेजा तथा गौरव काण्डपाल आदि कई अधिवक्ता उपस्थित रहें।

### हरेला महोत्सव सप्ताह के तहत पौधारोपण कार्यक्रम

नैनीताल । कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में मंगलवार को हरेला महोत्सव सप्ताह के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बता दें कि प्रकृति के संरक्षण के प्रति मानव की जिम्मेदारी के निर्वहन तथा पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए हरियाली हेतु पौधारोपण आयोजित किया गया। इस दौरान सभी से अपील की गई कि सभी पौधे लगाए। पौधारोपण कार्यक्रम में निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो.ललित तिवारी समेत चीफ प्रॉक्टर प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट समेत डॉक्टर सीमा चौहान,डॉक्टर नवीन पांडेय, डॉक्टर संदीप मैंडोली, डॉक्टर नंदन मेहरा ,डॉक्टर उजमा, दिव्या पांगती,स्वाति जोशी,आनंद कुमार,दिशा उप्रेती व नंदा बल्लभ पालीवाल तथा कुंदन सिंह आदि शामिल रहे।

# कठुआ में भारतीय सैनिकों पर हुए हमले के विरोध में निकाला पैदल मार्च

नैनीताल

हमारे संवाददाता





कठुआ में भारतीय सैनिकों पर हुए हमले के विरोध में नैनीताल में बुधवार को जय श्री राम सेवा दल, हनुमान भक्तों, विश्व हिंदू परिषद समेत बजरंगदल आदि हिंदूवादी संगठनों ने निकाले गए पैदल मार्च में हिस्सा लिया। बाद में तल्लीताल स्थित शहीद मेजर राजेश अधिकारी की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर दिवंगत सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

बता दें कि शाम 6 बजे से सभी हिंदुवादी संगठनों के लोग पंत पार्क में एकत्रित हुए और फि र अपर मॉल रोड होते हुए तल्लीताल रिक्शा स्टैंड स्थित शहीद मेजर राजेश अधिकारी की प्रतिमा पर पहुंचे। इस बीच पैदल मार्च में शामिल युवाओं ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। हाथों में पोस्टर लिए लोगों को दिखाए जिसमें शांति को नहीं आतंकवाद को नष्ट करो----, आतंकवाद से देश को बचाओ---, अपने देश को नंबर 1 बनाओ---, आतंकवाद ने ली कई जान इसे खत्म कर बचाओ इंसान---, दुनियाभर में मचा हाहाकार- आतंकवाद पर तुम करो प्रहार..., देश में अमन लाना है- आतंकवाद को मिटाना है---, सभ्य बने सब इंसान- आतंकवाद का मिटे नामोनिशान, आतंकवाद मानव जाति के लिए बहुत बड़ा खतरा है, आतंकवाद के समर्थक भी आतंकवादी हैं,आतंकवाद मुर्दाबाद तथा पाकिस्तान मुर्दाबाद व माँ भारती के वीर सपूतों को सत सत नमन लिखा हुआ था।

पैदल मार्च में श्री राम सेवा दल के अध्यक्ष मनोज कुमार,राहुल नेगी, नितिन सिंह कार्की,विक्रम सिंह रावत,अनिल ठाकुर, किशोर ढैला, भोपाल सिंह बिष्ट,विनोद कुमार,मनोज जोशी,हरीश जोशी,अमित साह,दिव्यांशु,कुणाल, वाशु,अंशुल, दत्ती,प्रियांशु,विवेक वर्मा,सोनू, राजीव साह,प्रकाश नौटियाल,हर्षित,शैलेन्द्र सिंह बिष्ट तथा त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल समेत राजेंद्र सिंह परगाई आदि कई देश भक्त शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने पुराने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



गुरुवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने इंदिरा चौक स्थित पुराने जिला चिकित्सालय पहुंचे और उन्होंने अधिकारियों के साथ पुराने चिकित्सालय का स्थलीय निरीक्षण कर जिला अस्पताल बनाने की कवायद शुरू की। उन्होने कहा कि जिला चिकित्सालय बनाने हेतु इससे उपयुक्त जगह और कही नही मिलेगी, क्योकि पुराना चिकित्सालय शहर के बीचो बीच है और बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन के नजदीक है व सभी के लिये सुविधाजनक है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कहा कि पुराने चिकित्सालय में 13 एकड़ भूमि है जो जिला चिकित्सालय बनाने हेतु पर्याप्त है। उन्होने कहा कि यहां जिला चिकित्सालय के साथ जिला आयुर्वेद युनानी चिकित्सालय बनाया जायेगा। जिसके अलग-अलग ब्लॉक होगें। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मनोज शर्मा को निर्देश दिये कि आरकिटेक्ट के माध्यम से चिकित्सालय का डिजाईन तैयार कर प्रस्तुत करें। इसके उपरांत डीएम ने ब्लड बैंक का निरीक्षण किया व जानकारियां ली। चिकित्सालय स्टाफ ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि बाहरी लोगों द्वारा चिकित्सालय परिसर में अवैध रूप से वाहन पार्किंग की जाती है जिन्हे मना करने पर लड़ाई-झगड़ा करने लगते है। कई बार चोरी भी हुई है जिसकी शिकायत पुलिस थाने में भी की गयी है। डीएम ने एडीएम को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, सीएमएस डॉ आरके सिन्हा, जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ आलोक शुक्ला सहित चिकित्सालय आदि मौजूद थे।

# भाविप ने एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम को लेकर लगाया शिविर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भारत विकास परिषद शाखा काठगोदाम का राजकीय उत्तर माध्यमिक कन्या विद्यालय बमोरी मै सम्पन्न हुआ, जिसमे काया आयु मेडिकल कॉलेज की कंसल्टेंट डॉ स्वाति भट्ट, एम. डी.ने बालिकाओं का स्वास्थ्य परिक्षण एवं हीमोग्लोबिन जांच करवाई।

कार्यक्रम का प्रारम्भ परिषद के प्रांतीय संगठन सचिव डॉ विनय खुल्लर, अध्यक्ष दीपक महेश्वरी, डॉ स्वाति भट्ट, सचिव नीलम शर्मा ने किया। डॉ. भट्ट ने बालिकाओं मे रक्तल्पता के कारण एवं उसके निवारण के लिए उचित दिशा निर्देश दिए एवं कहा भोजन आदि मे संतुलित आहार, एवं पर्सनल हाईजिन का अच्छे से पालन करना चाहिए, आहार मे आईरन युक्त हरी पत्ते वाली सब्जियाँ का प्रयोग करना चाहिए. शिविर मे 30त्न बालिकाओं मे रक्तलपता पायी गई, कुल 70 छात्राओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया एवं उन्हें आईरन की ओषधि वितरण की गई। शिविर मे अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, दचिव नीलम शर्मा, महिला संयोजिका गरिमा सिंघल, ममता खुल्लर, दीपक बिस्ट रश्मि जैन, सुशील मित्तल,, विद्यालय प्रधानाचार्य आभा श्रीवास्तव, सुनीता बिस्ट, बिना जोशी, लता पाण्डेय उपस्थित थे।




# रोडवेज कर्मचारियों ने सुनवाई न होने पर दिया आंदोलन का अल्टीमेटम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद कुमाऊं क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों ने वार्ता के लिए समय न दिये जाने पर आंदोलन का अल्टीमेटम दिया है।

उनका कहना था कि बीती 15 मई को रोडवेज कर्मियों की समस्याओं के निराकरण के लिए संगठन के साथ द्विपक्षीय वार्ता हेतु समय दिये जाने का अनुरोध किया गया था लेकिन बड़े खेद का विषय है कि लंबा समय बीतने के उपरांत भी वार्ता हेतु समय नहीं दिया गया, जो निगम प्रबंधन की कार्यप्रणाली को उजागर करता है। परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश कांडपाल व मंत्री श्याम सिंह शाही की ओर से मंडलीय प्रबंधक संचालन को दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि निगम प्रबंधन के इस रवैये से कर्मचारियों में रोष है। इसके मद्देनजर निर्णय लिया गया है कि यदि रोडवेज प्रबंधन ने उनके मांगपत्र पर सकारात्मक कार्यवाही न की तो संगठन से जुड़े कर्मचारी कभी भी आंदोलन शुरू कर देंगे। गौरतलब है कि रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद संविदा व विशेष श्रेणी तथा तकनीकी कर्मियों का नियमितीकरण किये जाने, कर्मचारियों की एमएसपी में देरी किये जाने, सातवें वेतनमान के एरियर का भुगतान किये जाने, मंडलीय प्रबंधक संचालन के आदेश न मानने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई किये जाने, बीसी संवर्ग के कर्मचारियों को स्थायीकरण के आदेश मूल प्रति में उपलब्ध कराने, वाहनों के लिए जो सामान क्रय किया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता पर ध्यान देने तथा डुप्लीकेट सामान न खरीदने जैसी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहा है।

### हल्द्वानी दुर्गा सिटी सेंटर से बाइक चोरी

हल्द्वानी। शहर में वाहन चोरों का आतंक फिर पसरने लगा है। चोरों ने दुर्गा सिट सेंटर स्थित आईडीबीआई बैंक के बाहर खड़ी बाइक चुरा ली। पीड़ित ने बाइक बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। कुसुमखेड़ा निवासी मोहन सिंह बिष्ट पुत्र गोपाल सिंह बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी बाइक 9 जुलाई की रात को दुर्गा सिट सेंटर स्थित आईडीबीआई बैंक के बाहर से चोरी हो गई। उसने पुलिस से बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है।

# मुख्य सचिव रतूड़ी ने बीसी से हरेला पर्व को लेकर बैठक ली

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मुख्य सचिव राधा रतुड़ी ने बीसी के माध्यम से हरेला पर्व पर वृहद वृक्षारोपण कराने हेतु बैठक ली। उन्होने वृहद कार्ययोजना बनाते हुये पौधा रोपण के साथ ही उनकी जीओ टेगिंग कराने के निर्देश दिये। डीएम उदयराज सिंह ने कहा कि हरेला पर्व पर अभियान चलाते हुए जनपद में वृहद पौधा रोपण किया जायेगा। उन्होने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही उसकी सुरक्षा अतिआवश्यक है इसलिये जो भी संस्थान, विभाग पौधा रोपण करेंगे उसकी सुरक्षा करना भी सुनिश्चित करेंगे साथ ही पौधा रोपण कर पौधे की जीओ टेगिंग कराना भी सुनिश्चित करेंगे। जनपद में वन विभाग, उद्यान, सिंचाई, शिक्षा, नगर निकाय, प्राधिकारण, ग्राम पंचायतं, सुगर मिल, लोननिवि आदि विभागों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में छायादार, फलदार पौधा का रोपण करेंगे तथा उसकी सुरक्षा करना भी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा पौधा रोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जनता, स्वयं सेवी संस्थाओं की अधिक से अधिक सहभागिता कराना भी सुनिश्चित करेंगे। उन्होने कहा कि हरेला पर्व अभियान में 16 जुलाई से 15 अगस्त तक जनपद में लगभग पाँच लाख पौधा रोपण का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, डीएफओ यूसी तिवारी, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम मनीष बिष्ट, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, प्रभारी अधिकारी कलैक्ट्रेट डॉ0 अमृता शर्मा, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे, लघु सिंचाई सुशील कुमार आदि मौजूद थे।

### सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में 16 को हरेले पर होगा पौधरोपण

हल्द्वानी। उत्तराखंड के सरकारी व निजी स्कूलों में इस बार भी हरेला पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर से निर्देश जारी किये गये हैं।

नैनीताल जिले में जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक पुष्कर लाल टम्टा ने खंड शिक्षा अधिकारियों व उप शिक्षाधिकारियों को निर्देश जारी कर कहा है कि जिले के विद्यालयों में 16 जुलाई को हरेला मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए विद्यालयों के आसपास भूमि चिह्नित की जाए, इसमें मानक के अनुसार गड्ढे बनाये जाएं, प्रत्येक विद्यालय में कम से कम से पांच-पांच वृक्ष लगाये जाए। साथ ही पौधों को संरक्षित भी किया जाए। जिला शिक्षाधिकारी ने बेल, जामुन, आंवला, अमरुद, संतरा, नींबू, माल्टा के पौधे लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वन व उद्यान विभाग से समन्वय कर रोपित किये जाने वाले पौधे प्राप्त करने को भी कहा।

# गुंजी गांव में बनेगा शिव धाम, पर्यटन विभाग कराएगा निर्माण

देहरादून

हमारे संवाददाता



नागरिक सेना संपर्क कांफ्रेंस में शिव धाम के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। पर्यटन विभाग निर्माण कराएगा। वहीं सेना भी मदद करेगी।

पिथौरागढ़ जिले के सीमांत गांव गुंजी में शिव धाम बनेगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में हुई नागरिक सेना संपर्क कांफ्रेंस की बैठक में इस प्रस्ताव पर चर्चा हुई। पर्यटन विभाग शिव धाम का निर्माण कराएगा, इसमें सेना भी सहयोग करेगी।

बुधवार को राज्य सचिवालय में आयोजित बैठक में राज्य एवं सेना के मध्य विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सेना की ओर से सरहद में चल रहे रोड कनेक्टिविटी व अन्य अवस्थापना कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण के लंबित मसलों पर स्वीकृति की मांग की गई। मुख्य सचिव ने प्रमुख सचिव वन आरके सुधांशु को इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में वाइब्रेंट विलेज योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विचार-विमर्श हुआ। मुख्य सचिव ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज व विकसित भारत मिशन के कार्यों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार और सेना के प्रभावी समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इस दिशा में राज्य एवं सेना को समन्वित प्रयास करने होंगे। बैठक में प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुधांशु, सचिव सचिन कुर्वे, सब एरिया कमांडर तथा जिलाधिकारी पिथौरागढ़, नैनीताल, पौड़ी व चंपावत वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे।